# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, झांसी वन प्रभाग, झांसी

पत्रांक 2413 /15–1 दिनांक, झांसी, दिसम्बर 28 2022

सेवा में,

वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक,
बुन्देलखण्ड वृत्त, उ0प्र0, झांसी ।

विषयः– विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित उ0प्र0 कोर रोड नेटवर्क विकास परियोजना के तहत हमीरपुर–राठ–गरौठा–गुरसरांय झांसी राज्य राजमार्ग 42 के दो लेन मिसिंग लिंक रोड निर्माण में जनपद झांसी की 13.049 है0 आरक्षित वनभूमि एवं बाधित 2127 वृक्ष एवं हमीरपुर जनपद की 5.1360 है0 वनभूमि बाधित 327 वृक्ष के पातन अर्थात कुल 18.1854 है0 वनभूमि एवं 2454 वृक्षों/पौधों के पातन की अनुमति के सम्बन्ध में ।

संदर्भः– मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ का पत्रांक–1863/11सी, दिनांक 30.11.2022 प्रस्ताव सं0 FP/UP/Road/117342/2020 ।

महोदय,

उपरोक्त विषयांकित प्रस्ताव में मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ के उपरोक्त संदर्भित पत्र द्वारा 04 बिन्दुओं की आपत्तियॉ दर्शायी गयी थी। आपत्तियों का निराकरण कर निराकरण अभिलेख 04–04 प्रतियों में संलग्न कर संस्तुति सहित इस आशय से प्रेषित कि निराकरण अभिलेख की 03–03 प्रतियॉ अपने स्तर से मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ को प्रेषित करने की कृपा करें। आपत्तियों का निराकरण निम्न प्रकार है :–

| क0सं0 | आपत्ति | निराकरण |
|---|---|---|
| 1 | प्रस्ताव में वन अधिकार अधिनियम 2006 के अन्तर्गत जिलाधिकारी का त्रुटिपूर्ण प्रमाण पत्र पुनः संलग्न किया गया है, जिस पर पत्रांक, तिथि व जिलाधिकारी की मोहर नहीं है तथा प्रस्तावित वनभूमि का क्षेत्रफल भी गलत अंकित है। अतः सही एवं संशोधित FRA प्रमाण पत्र प्रस्ताव में संलग्न करें अथवा FRA प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने की वचनवद्वता संलग्न करें एवं ऑनलाइन भाग–1 एवं ऑनलाइन भाग–2 में पूर्व का त्रुटिपूर्ण FRA प्रमाण पत्र डिलिट कर यथास्थान पर उपरोक्तानुसार संशोधित अभिलेख अपलोड करें । | FRA प्रमाण पत्र की वचनवद्वता संलग्न है। पूर्व का त्रुटिपूर्ण FRA प्रमाण पत्र डिलिट कर FRA प्रमाण पत्र की वचनवद्वता अपलोड कर दी गयी है । |
| 2 | ऑनलाइन भाग–2 के कमांक–13(iv) में गैर वनभूमि CA का प्राक्कलन पुनः अपलोड नहीं किया गया है। | CA प्राक्कलन 13(iv) में अपलोड कर दिया गया है। |
| 3 | प्रस्ताव में संलग्न CA के गैर वनभूमि के Sol Toposheet पर शीर्षक गलत अंकित किया गया है। अतः सही शीर्षक अंकित कर संशोधित Sol Toposheet प्रस्ताव में संलग्न कर ऑनलाइन भाग–1 एवं ऑनलाइन भाग–2 में यथा स्थान पर अपलोड करें । | CA के गैर वनभूमि के Sol Toposheet पर शीर्षक सही कर ऑनलाइन भाग–1 एवं ऑनलाइन भाग–2 में यथा स्थान पर अपलोड कर दिया गया है। |
| 4 | उपरोक्त इंगित कमियों का निराकरण कर संशोधित प्रस्ताव की पी0डी0एफ0 फाइल पेनड्राइव में अपलोड कर प्रस्ताव में संलग्न करें । | उपरोक्त इंगित कमियों का निराकरण कर संशोधित प्रस्ताव की पी0डी0एफ0 फाइल पेनड्राइव में अपलोड कर दी गयी है। |

भवदीय

प्रभागीय वनाधिकारी
झांसी वन प्रभाग, झांसी

पृष्ठांकन संख्या /अ/समदिनांक

प्रतिलिपि मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी महोदय, उ0प्र0, लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

प्रभागीय वनाधिकारी
झांसी वन प्रभाग, झांसी